सेंट मार्टनि द्वीप

[स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस]

हाल ही में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद **सेंट मार्टनि द्वीप (St Martin’s Island) को** कसिी अन्य देश को पट्टे पर दयि जाने को लेकर ववािद उत्पन्न हो गया।

सेंट मार्टनि द्वीप से संबंधति मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **द्वीप के बारे में:**
  - सेंट मार्टनि द्वीप **बंगाल की खाड़ी के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में बांग्लादेश और म्याँमार की सीमा** के नकिट स्थति है।
  - **यह बांग्लादेश के कॉक्स बाज़ार-टेकनाफ प्रायद्वीप** के दक्षणिी सरि से नौ कलिोमीटर दूर है।
    - 7.3 कमिी लंबा यह द्वीप **समुद्र तल से 3.6 मीटर की ऊँचाई पर है।**
  - यह [बांग्लादेश का एकमात्र प्रवाल द्वीप] है और [समुद्री कछुओं] **का प्रजनन स्थल भी है।**
- **पृष्ठभूमि:**
  - **यह द्वीप लगभग 5,000 वर्ष पहले टेकनाफ प्रायद्वीप का हस्सि था, लेकनि धीरे-धीरे समुद्र में डूब गया।**
    - लगभग 450 वर्ष पूर्व वर्तमान **सेंट मार्टनि द्वीप के दक्षणिी उपनगर पुनः उभरे** तथा इसके बाद के अगले 100 वर्षों में द्वीप के उत्तरी और शेष भाग समुद्र तल से ऊपर उठ गए।
  - अरब **व्यापारी इस द्वीप पर बसने वाले आरंभकि नविासी थे**, जो 18वीं शताब्दी में यहाँ आए।
    - उन्होंने शुरुआत में इसका नाम "जज़ीरा" (जसिका अर्थ है "द्वीप" या "प्रायद्वीप") रखा और बाद में इसका नाम बदलकर **"नारकिल जज़ीरा" या "कोकोनट आइलैंड" रख दयिा।**
  - **वर्ष 1900 में ब्रटिशि भारत ने** भूमि सर्वेक्षण के दौरान इस द्वीप को अपने अधीन कर लयिा। इस दौरान इस द्वीप को सेंट मार्टनि द्वीप के नाम से जाना जाने लगा। यह नाम चटगाँव के तत्कालीन **डप्टिी कमश्निर मार्टनि के नाम पर** रखा गया था।
  - वर्ष 1947 **में [ब्रटिशि भारत के वभिाजन]** के बाद यह पाकसि्तान का हस्सि बन गया और तत्पश्चात वर्ष **[1971 के मुक्ति युद्ध]** के बाद स्वतंत्र बांग्लादेश का हस्सि बन गया।

[//]

वर्ष 1971 का बांग्लादेश मुक्ति युद्ध (Bangladesh Liberation War)

- **पृष्ठभूमि:**
  - अपनी स्वतंत्रता के बाद पाकिस्तान **पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान** में विभाजित हो गया।
    - दोनों क्षेत्रों के बीच **भौगोलिक दूरी**, पश्चिमी पाकिस्तान द्वारा पूर्वी क्षेत्र का **आर्थिक शोषण, सांस्कृतिक संघर्ष** और पूर्वी पाकिस्तान के **प्रशासन की उपेक्षा प्रमुख चुनौतियाँ** थीं।
  - 1960 के दशक के मध्य में **शेख मुजीबुर रहमान** (बांग्लादेश के 'जतरि पिता' अर्थात् 'राष्ट्रपिता') जैसे नेताओं ने पश्चिमी पाकिस्तान की नीतियों के खिलाफ सक्रिय रूप से विरोध करना शुरू कर दिया, जिसके बाद पाकिस्तानी सेना ने उनके विरोध का क्रूरतापूर्वक दमन किया।
- **भारत की भूमिका:**
  - 15 मई 1971 को **भारत ने** पाकिस्तानी सेना के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध में लगे **मुक्ति वाहिनी लड़ाकों** की भर्ती, प्रशिक्षण, हथियार, उपकरण, आपूर्ति और सलाह देने के लिये **ऑपरेशन जैकपॉट शुरू किया।**
  - 3 दिसंबर 1971 को **भारत ने** पूर्वी पाकिस्तान में बंगाली मुसलमानों और हिंदुओं को बचाने के लिये **पाकिस्तान के साथ युद्ध करने का फैसला किया।** युद्ध 13 दिनों तक चला।
  - उसके बाद भारत पाकिस्तान और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के बीच एक **लिखित समझौता** हुआ, जिससे **बांग्लादेश मुक्ति युद्ध समाप्त** हुआ।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

प्रश्न. वर्ष 1905 में लॉर्ड कर्ज़न द्वारा किया गया बंगाल का विभाजन कब तक बना रहा? (2014)

(a) प्रथम विश्वयुद्ध तक, जिसमें अंग्रेज़ों को भारतीय सैनिकों की आवश्यकता पड़ी और विभाजन समाप्त किया गया
(b) सम्राट जॉर्ज पंचम द्वारा दिल्ली में वर्ष 1911 के शाही दरबार में कर्ज़न के अधिनियम को निराकृत किये जाने तक
(c) महात्मा गांधी द्वारा अपना सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ करने तक
(d) भारत के वर्ष 1947 में हुए विभाजन तक, जब पूर्वी बंगाल पूर्वी पाकिस्तान बन गया

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/st-martin-s-island